हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 नवरात्रि में प्रतिवर्ष राय परिवार आयोजित करेगा...



07 जिले में 40 घनमीटर क्षमता के बायो गैस संयंत्र का संचालन...



खबर संक्षेप

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रो का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 192 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 192 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 664 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 308 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने दिए निर्देश

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखें, ताकि जिले में सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। कलेक्टर बालागुरू के. ने विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले जुलूसों एवं चल समारोहों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जुलूस एवं चल समारोह के मार्ग, समय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों एवं पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखें। कलेक्टर ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

एआईसीसी की गाइडलाइन के तहत बनाई गई 51 सदस्यीय युवा टीम, वरिष्ठों को दिए गए आमंत्रण पद

कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी का गठन, सूची आते ही उठे विरोध के स्वर, सोशल मीडिया पर जताई नाराजगी

लिस्ट आते ही कई नेताओं का छलका दर्द, किसी ने पद लौटाया तो किसी ने दी मुंडन कराने की चेतावनी, जिलाध्यक्ष बोले सब हमारा परिवार, हम सब एकजुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। शहर ब्लाक अध्यक्ष ने किया नव नियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस कार्यालय में किया स्वागत

लंबी प्रतीक्षा और विचार-विमर्श के बाद आखिरकार कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस बार एआईसीसी की नई गाइडलाइन के तहत जंबो कार्यसमिति की पुरानी परंपरा को बदलते हुए 51 सदस्यीय छोटी और युवा कार्यसमिति का गठन किया गया है, जिसमें हर विधानसभा से लगभग 10 लोगों को लेकर क्षेत्रीय संतुलन और 45 वर्ष की औसत आयु का विशेष ध्यान रखा गया है।

कार्यकारिणी में जिले के पूर्व विधायकों, पूर्व जिला प्रभारियों, पूर्व नापाध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों को स्थायी व विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। हालांकि नई टीम के ऐलान के साथ ही पार्टी के भीतर खुशी के माहौल के बीच असंतोष के स्वर भी तेजी से उठ खड़े हुए हैं और कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर कर दी है।

नई टीम में इन्हें मिली हैं प्रमुख जिम्मेदारियां

संगठन महासचिव पद की जिम्मेदारी पार्षद एवं नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर को सौंपी है, जबकि कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता को बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर कमल सिंह चौहान, राजेश यादव भूरा, जफर लाला, मदनलाल इटावदिया, सत्यनारायण भाटी, सुनील दुबे, अजय पटेल नंदगांव, संजीव अग्रवाल, रघुवीर सिंह दांगी और शोभाल सिंह ठाकुर।

महासचिवों और सचिवों की जिम्मेदारी

महासचिव पद पर जितेंद्र शोभाखेड़ी, राजेन्द्र भरेवा, रामनारायण परमार, गीता देवी राठौर, ममता कीर, इदरीश मंसूरी, सुरेंद्र परमार, सुनील कटारा, राजकुमार तुलसी राठौर, उमाशंकर नागर, राजेन्द्र यादव, ओमाबाबा राठौर, देवीसिंह तंवर, जितेंद्र परिहार और विजेंद्र उइके। जबकि सचिव भगवत पटेल, गोविंद सिंह सोलंकी, राजकुमार गौर, सतीश शर्मा, रूपसिंह केवट, प्रेम पटारिया, कमल सिंह वर्मा, सुरेश ठाकुर निवारिया, मुनव्वर खान मामू, दीप्ती कीर, विजेंद्र तिवारी, एहसान खान, मनु मुकेश गड़ोदिया, गीता कुशवाह, राजेन्द्र मेवाड़ा, इंदर सिंह पटेल, चंदरसिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह अजय, संजय पाटीदार और उमाशंकर बंटी मीणा को जिम्मेदारी दी है।

मीडिया व चुनावी प्रबंधन

पंकज शर्मा व देवेंद्र चौधरी प्रवक्ता, अमित पटेल व पल्लव प्रगति सोशल मीडिया प्रभारी, भगत सिंह तोमर कार्यालय मंत्री, प्रवीर परमार वार रूम प्रभारी, सह प्रभारी राहुल ठाकुर और कृष्णकांत रिछारिया जिला निर्वाचन प्रभारी। विधानसभा निर्वाचन की जिम्मेदारी कमलेश चांडक, राजेश जाट, राकेश राठौर और रामचरण दवारिया को दी गई है। कार्यकारिणी में 48 स्थायी और 47 विशेष आमंत्रित सदस्य भी शामिल हैं।

एआईसीसी की गाइडलाइन का पालन : पार्टी सूत्रों का कहना है कि एआईसीसी के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक वार्ड, पंचायत, ब्लॉक और मंडलम स्तर पर कार्यसमिति तैयार कर ली गई है, जिसमें महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की घोषणा जल्द की जाएगी, जो योग्य कार्यकर्ता इस जिला सूची में छूट गए हैं, उन्हें विस्तारित सूची और अन्य संगठनों में समायोजित किया जाएगा।

सूची आते ही सोशल मीडिया पर फूटा असंतोष

- जफर लाला मप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव ने सोशल मीडिया पर लिखा मैं पिछले 45 वर्षों से कांग्रेस का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। लगभग 8 वर्ष पूर्व कमलनाथ ने मुझे प्रदेश सचिव बनाया था। मैं कांग्रेसी था, कांग्रेसी हूं और हमेशा कांग्रेसी रहूंगा। जिला उपाध्यक्ष का यह पद किसी युवा साथी को दे दिया जाए। मैंने कभी किसी पद की मांग नहीं की, मेरी निष्ठा किसी पद की मोहताज नहीं है।
- ब्रजेश पटेल ने लिखा मेरी मां सक्रिय राजनीति में नहीं हैं और न ही किसी पद की मोहताज हैं। हम कांग्रेस के कार्यकर्ता थे और रहेंगे, कृपया यह स्थान किसी और वरिष्ठ नेता को दिया जाए।
- मुनव्वर मामू ने पद मिलने पर आभार तो जताया, लेकिन तुरंत पद से इस्तीफे का ऐलान करते हुए लिखा खराब स्वास्थ्य के कारण मैं इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाने में असमर्थ हूं, इसलिए तत्काल प्रभाव से पद से इस्तीफा देता हूं।
- इलियास खान ने सूची को असंतुलित और अपमानजनक बताते हुए कहा कि बनेसिंह नेताजी, अरविंद चौहान और सदरुद्दीन भाई जैसे वरिष्ठ नेताओं को उपाध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था।
- आशीष अग्रवाल रोहिला ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा जाको प्रभु दारुण दुख देही, ताकी मति पहले हर लेही।
- सईद लाला मंसूरी ने विरोध का सबसे अनोखा तरीका चुनते हुए ऐलान किया कि वे दोपहर 2 बजे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी परिसर भोपाल में अपना सिर मुंडन कराकर इस सूची का विरोध दर्ज कराएंगे।

जिलाध्यक्ष बोले- हम सभी एकजुट : सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाजी के बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह हमारा अपना परिवार है, पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता या नेता नाराज नहीं है। हम सभी पूरी तरह से एकजुट हैं।

नियमों की धज्जियां ! नमक चौराहे पर टैंक की आड़ में बेसमेंट खुदाई का आरोप, शिकायत के बाद भी कार्रवाई पर सवाल

सीहोर। शहर के व्यस्त नमक चौराहे के पास चल रहे निर्माण कार्य ने नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के दावों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि वाटर टैंक या सेप्टिक टैंक बनाने की आड़ में बड़े और गहरे गड्ढे की खुदाई की जा रही है, जबकि मौके की स्थिति कथित बेसमेंट निर्माण की आशंका पैदा कर रही है। सवाल यह है कि यदि निर्माण नियमानुसार हो रहा है, तो उसकी स्वीकृत योजना और मौके पर हो रहे काम की स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की जा रही? और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो जिम्मेदार विभाग अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए?

नमक चौराहे जैसे व्यस्त इलाके में बड़े आकार के गड्ढे की खुदाई और निर्माण के लिए सरियों के जाल व पिलर तैयार किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। रहवासी अनिल, मनोज सहित अन्य नागरिकों का कहना है कि निर्माण की वास्तविक प्रकृति की जांच होना जरूरी है। यदि काम केवल वाटर टैंक या सेप्टिक टैंक के लिए किया जा रहा है, तो स्वीकृत नक्शे, अनुमति और खुदाई की गहराई का मिलान किया जाना चाहिए।

वहीं, यदि बेसमेंट बनाया जा रहा है, तो उसकी वैधता और संबंधित विभागों से मिली अनुमति की जांच भी जरूरी है। स्थानीय नागरिक विवेक रुठिया ने बताया कि उन्होंने इस मामले में नगर पालिका के सीएमओ और नजूल विभाग में



शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि बिना अनुमति बेसमेंट का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन शिकायत के बावजूद मौके पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आई। हालांकि, निर्माण की वास्तविक स्थिति और अनुमति संबंधी तथ्यों की पुष्टि आधिकारिक जांच के बाद ही हो सकेगी।

आसपास की इमारतों पर खतरा, हादसे का इंतजार क्यों?

तंग इलाके में गहरी खुदाई से आसपास की इमारतों की नींव और स्थिरता पर असर पड़ने की आशंका भी उठाई जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि खुदाई तकनीकी मानकों और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बिना की गई तो गंभीर जोखिम पैदा हो सकता है। ऐसे में किसी संभावित दुर्घटना के बाद जिम्मेदारी तय करने के बजाय समय रहते तकनीकी निरीक्षण और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना जरूरी है। इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और लोगों की ओर से शिकायत भी मिली है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है। अब सवाल है कि क्या नगर पालिका मौके पर पहुंचकर खुदाई, निर्माण की अनुमति और स्वीकृत नक्शे की जांच करेगी? क्या जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएंगे, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके? स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि निर्माण स्थल की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, स्वीकृत नक्शे और वास्तविक निर्माण का मिलान किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई हो। जांच पूरी होने तक जरूरत के अनुसार निर्माण रोकने और आसपास के भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई है।

रिहायशी इलाकों में आ रहा बदबूदार पानी, रहवासियों में नाराजगी: फ्रीगंज, संजय नगर समेत कई इलाकों से गंदे पानी की शिकायतें मिल रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कई रिहायशी इलाकों में नलों से बदबूदार और मटमैला पानी आने की शिकायतें मिल रही हैं। फ्रीगंज, संजय नगर और मंडी क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि नल खोलने पर साफ पानी के बजाय गंदा पानी आ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यह समस्या कुछ मिनट की नहीं है। गंदे पानी से पीने और दैनिक उपयोग के लिए सुरक्षित पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। पाइपलाइन में लीकेज या जोड़ में खराबी से गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल सकता है।

नगर पालिका सीएमओ सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि पानी की टंकी सूख गई थी। उसकी सफाई के दौरान करीब पांच से सात मिनट तक गंदा पानी आया था। उन्होंने दावा किया कि अब पानी साफ होने की रिपोर्ट मिल चुकी है। हालांकि, रहवासियों की लगातार शिकायतों से सीएमओ के दावे पर सवाल उठ रहे हैं।



दूषित पानी से उल्टी-दस्त और संक्रमण का खतरा है।

21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक आयोजित होंगे विशेष शिविर

सीहोर। भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, बैंक खातों में आधार सीडिंग, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत नए खाते खोलना, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करना तथा लंबित री-केवाईसी और सी-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने जैसी गतिविधियां की जाएंगी। इसके साथ ही बैंक खातों एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं में नामांकन अद्यतन करने तथा वित्तीय समावेशन, लावारिस जमा राशि पर दावा करने और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के प्रति नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। शिविरों के आयोजन एवं निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को सौंपी गई है। अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को भी अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारी बैंक शाखाओं एवं मैदानी अमले के साथ समन्वय स्थापित कर शिविरों का आयोजन करेंगे तथा निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन योजनाओं के दिशा-निर्देशों एवं पात्रता शर्तों के अनुसार सुनिश्चित करेंगे। अभियान का उद्देश्य जिले के पात्र नागरिकों को वित्तीय समावेशन योजनाओं से जोड़ना, बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना तथा शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है।

शकरगढ़, उजड़खेड़ा, नयापुरा और जहांगीरपुरा में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप

बिजली कंपनी के ढुलमुल रवैये से 3 गांवों की 10 हजार आबादी अंधेरे में नवरात्रि मनाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ जहां पूरा देश और प्रदेश जगमगाती रोशनी के साथ शक्ति की भक्ति के पर्व में डूबा हुआ है, वहीं ग्राम पंचायत धबोटी क्षेत्र के तीन गांवों की करीब 10 हजार की आबादी अंधेरे के साए में नवरात्रि का पावन पर्व मनाने को मजबूर है। इसका मुख्य कारण एक तरफ चोरों का बेखौफ अंदाज है तो दूसरी तरफ बिजली कंपनी का उदासीन और ढुलमुल रवैया। चोरों ने महज 5 दिनों के भीतर 11 केवी लाइन के 28 गालों (खंभे से खंभे की दूरी) के कीमती तार काटकर चोरी कर लिए, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया है।



14 अक्टूबर से ठप है बिजली

सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को चोरों ने सबसे पहले 16 गालों के तार काटकर गायब कर दिए। इसके बाद चोरों ने 4 अन्य गालों के तार पार कर दिए। 16 अक्टूबर की रातरू बेखौफ बदमाशों ने फिर से धावा बोलते हुए 08 और गालों के तार काटकर चोरी कर लिए। इस तरह 4 दिन में कुल 28 गालों के तार चोरी हो चुके हैं। इस चोरी के कारण ग्राम पंचायत धबोटी के अंतर्गत आने वाले शकरगढ़, उजडख़ेड़ा, नयापुरा और जहांगीरपुरा जैसे गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई है।

ग्राम पंचायत धबोटी की सरपंच सुनीता चौहान के प्रतिनिधि ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने बिजली वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक को लिखित पत्र भेजकर पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया है। पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि 11 केवी के 28 गालों के तार चोरी हो जाने से चारों टोलों और गांवों में भारी संकट खड़ा हो गया है। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह चौहान ने बिजली कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने बिजली कंपनी के अधिकारियों को बार-बार सूचना दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

त्योहार के साथ खेती-किसानी पर भी गहराया संकट

नवरात्रि जैसे पावन अवसर पर गांवों में अंधेरा पसरा होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और घरों में रोजमर्रा के काम ठप्प पड़ गए हैं। इसके साथ ही इस समय किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की सख्त आवश्यकता है, लेकिन लाइनें कट जाने से खेतों में सिंचाई का काम भी पूरी तरह रुक गया है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द नए तार डालकर बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे

राज्य कर्मचारी संघ की मासिक बैठक संपन्न

ओमप्रकाश शर्मा बने नए कार्यकारी अध्यक्ष, कर्मचारियों के हितों और एकजुटता पर हुई चर्चा

सीहोर। भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में राज्य कर्मचारी संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की आगामी रूपरेखा, कर्मचारियों के हितों और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए शासकीय हाई स्कूल पचामा के प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा को राज्य कर्मचारी संघ का नया कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद उपस्थित सभी साथियों ने ओमप्रकाश शर्मा का पुष्पहारों से स्वागत और अभिनंदन किया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद ओमप्रकाश शर्मा ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य कर्मचारी संघ हमेशा से ही कर्मचारियों के हक, अधिकार और हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आने वाले समय में हम सब मिलकर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराएंगे और संगठन को और अधिक मजबूत तथा एकजुट बनाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख रूप से मौजूद योगाचार्य दिनेश शर्मा ने कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा सरकारी सेवा के दौरान कर्मचारियों पर काम का



भारी दबाव रहता है। ऐसे में कर्मचारियों को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए योग और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में जरूर अपनाना चाहिए। जब कर्मचारी अंदर से स्वस्थ और ऊर्जावान होगा, तभी वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर पाएगा। इसके साथ ही कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हम सबको आपसी भेदभाव भुलाकर पूरी तरह एकजुट रहना होगा।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, कुंदन लाल राय पूर्व अध्यक्ष, संतोष जैन संतु, बलवीर सिंह शाक्य, दिनेश कुमार शर्मा, विक्रम सिंह मेवाड़ा, देवेंद्र आर्य, विजय अतुल शर्मा, मुकेश राठौर, योगेश आर्य, अरुण जोशी और लखनलाल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



दुर्गम क्षेत्रों में आरबीएसके बुधनी टीम ने पहुंचाई स्वास्थ्य सेवाएं

सीहोर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की बुधनी टीम ने दुर्गम एवं पहुंचविहीन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। टीम ने आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की सराहनीय पहल की। सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं वाले गांवों में टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में मलेरिया की जांच, 25 से 30 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही टीबी के संभावित मामलों की जांच एवं परीक्षण किया गया। एक सीएचडी के संदिग्ध मामले की पहचान कर विशेषज्ञ जांच के लिए रेफर किया गया। टीम ने स्थानीय ग्रामीणों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली और आवश्यक परामर्श दिया। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। टीम की इस पहल से स्पष्ट हुआ कि बेहतर समन्वय और समर्पण के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकती हैं। टीम का उद्देश्य है कि स्वास्थ्य सुविधाएं केवल अस्पतालों तक सीमित न रहें, बल्कि हर गांव और हर घर तक पहुंचें।

माताजी की चुनरी यात्रा व नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का किया भव्य स्वागत

सीहोर। इस वर्ष भी नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में निकाली गई माता जी की चुनरी यात्रा का अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर मंच बनाकर परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर के.जी.बैरागी द्वारा नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं विवेक राठौर का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। वहीं मंच पर राठौर समाज की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता राठौर तथा चम्पालाल राठौर, रमेश आर्य , शांति लाल राठौर, मुकेश राठौर एवं अन्य वरिष्ठजनों का परिषद के प्रदेश महामंत्री खंगराले द्वारा स्वागत कर चुनरी यात्रा में शामिल महिला एवं पुरुषों पर पुष्प वर्षा की गई।

अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच ने शहर की हजारों प्रतिभाओं को दिया विशाल मंच

नवरात्रि में प्रतिवर्ष राय परिवार आयोजित करेगा क्रिसेंट गरबा महोत्सव : विधायक सुदेश राय

ना घटना दुर्घटना ना कोई हादसा बनी रही माता रानी जगदंबा की कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



क्रिसेंट गरबा महोत्सव अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच ने एक माह तक गरबा प्रशिक्षण और गरबा महोत्सव आयोजित कर इतिहास रच दिया। प्रतिभागी महिलाओं बालिकाओं युवतियों और शहर वासियों की मांग पर विधायक सुदेश राय ने गरबा महोत्सव प्रतिवर्ष भव्य विशाल रूप में आयोजित करने का फैसला ले लिया। आवासीय खेलकूद मैदान पर अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा तीन दिनों तक आयोजित हुए क्रिसेंट गरबा महोत्सव ने अपार सफलता अर्जित की। क्रिसेंट गरबा महोत्सव की सफलता का राज शहर के नागरिकों का प्रतिष्ठित राय परिवार पर अटूट विश्वास के रूप में सामने आया।

शहर के हर गली मोहल्ले कॉलोनी कस्बे के कोने कोने में रहने वाले परिवारों ने पांच हजार से अधिक संख्या में अपनी लाडली बेटियों बहनो को क्रिसेंट गरबा महोत्सव में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। युवतियों और महिलाओं ने तीन दिन माता‌रानी की आराधना के लिए सामूहिक रूप से गरबा रास किया।

संस्कारों पर जताया भरोसा

गरबा प्रतिभागी सीहोर के प्रत्येक कोने से आये शहर की कोई ऐसी कॉलोनी, वार्ड या मोहल्ला नही था जहां से इन युवतियों और महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा नही लिया हो तभी तो क्रिसेंट गरबा महोत्सव महा गरबा रास बन गया।शहर के नागरिकों को राय परिवार के संस्कारों पर भरोसा ऐसा है की हर प्रतिभागी के परिवार ने, उनके मा बाप ने उन्मुक्त मन से अपनी बच्चियों को मा की आराधना के इस पर्व पर भाग लिए जाने में स्वयं को गौरान्वित एवं सुरक्षित महसूस किया।

करुणा से भरी अरुणा की सहजता के हुए मुरीद

अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच जिसकी प्रणेता समाजसेविका अरुणा सुदेश राय स्वयं इतनी सौम्य, सरल और सहजता से हर प्रतिभागी से अपनत्व का भाव लिए मिलती रही की प्रतिभागियों ऐसा लगा ही नहीं कि वह अपने परिवार से दूर है। क्रिसेंट गरबा महोत्सव के दौरान श्रीमती अरुणा राय के व्यक्तित्व का मुरीद हर कोई हो गया था। एक माह तक चले क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा प्रतिभागी और ऐसा कोई प्रतिभागी नही होगा जिसके मन को श्रीमती अरुणा राय के निश्छल प्रेम और वात्सल्य भाव ने छुआ नहीं होगा।

शांतिपूर्वक आनंदमय संपन्न हुआ महोत्सव : प्रतिष्ठित राय परिवार के प्रमुख राकेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय,विधायक सुदेश राय, नीलेश राय और चारों सम्मानीय भाभियों रोमानी राय, नमिता राय, अरुणा राय, सुषमा राय और अगली पीढ़ी के सभी सदस्यों और परिवार के लिए समर्पित भांजे राजकुमार जायसवाल रिंकू शीतल राय ने इस कार्यक्रम को सीहोर की जनता के लिए पारिवारिक माहोल के साथ मनाने में कोई कसर बाकी नही रखी और उसी के परिणामस्वरूप सीहोर में राष्ट्रीय स्तर का ऐसा भव्य आयोजन शांतिपूर्वक आनंदमय सम्पन्न हुआ।



प्रतिभागी बालिकाओं को मिले पुरस्कार

क्रिसेंट गरबा महोत्सव में हिस्सा लेने वाली चुनिंदा प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा 101 आकर्षक पुरस्कारों का वितरण किया गया। पुरस्कारों में बाइक लैपटॉप मोबाइल, वाशिंग मशीन, कूलर ओवन सहित अन्य पुरस्कार भी शामिल रहे। पुरस्कार पाकर प्रतिभागी बालिकाओं के चेहरे खिल उठे।

फंदा कला में निशुल्क नेत्र और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जरूरतमंदों की आंखों में रोशनी और जीवन में स्वास्थ्य की नई उम्मीद जगाने के उद्देश्य से डीबीसीपीएल (वर्टिस फाउंडेशन) की सामाजिक उत्तरदायित्व टीम ने फंदा कला ग्राम पंचायत में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।सरपंच कृपाल सिंह सोलंकी के सहयोग तथा परियोजना उपमहाप्रबंधक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

एएसजी अस्पताल के समन्वय से ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने तथा नेत्र ऑपरेशन की आवश्यकता वाले मरीजों को उपचार की सुविधा से जोड़ने की पहल की गई। वहीं, अपोलो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित परियोजना निरामया के अंतर्गत संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, मौसमी बीमारियों का उपचार और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। डीबीसीपीएल की इस पहल ने सामाजिक उत्तरदायित्व की सार्थक तस्वीर प्रस्तुत की। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपचार से वंचित रहने वाले जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय रहा।

शिविर के माध्यम से लगभग 100 लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। संस्था की इस पहल ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। शिविर में एएसजी अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर राहुल गोस्वामी,नेत्र तकनीशियन सत्यम मिश्रा, विक्की राय चिकित्सक डॉ. अर्पित भार्गव, करिश्मा मालवीय, परियोजना समन्वयक संदीप मकवाना, टोल प्लाजा कंट्रोलर संतोष राजपुत, योगेन्द्र मेवाड़ा,नरेन सिंह, अजय सिंह सहित कई सम्माननीय ने सेवाएं दीं।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को साफ-सफाई और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति किया जागरुक



सीहोर। स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर 2026 को सीहोर प्रधान डाकघर परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय, नारों और गीतों के जरिए आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने डाकघर में उपस्थित ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर सीहोर डाकघर अधीक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। घर, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखकर ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। आयोजन में डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने कार्यस्थल और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। भारतीय डाक विभाग, सीहोर की यह पहल स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में सराहनीय प्रयास रही।

बोरखेड़ाकला की दीक्षा-निशा का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन, दूसरी बार करेंगी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व

कोच योगेश पंवार के प्रशिक्षण और मेहनत से हासिल किया मुकाम, क्षेत्र का नाम किया रोशन, पावर मेक कंपनी ने भी उपलब्ध कराए खेल संसाधन



भैरूंदा। मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन मिले तो गांव की बेटियां भी सफलता की नई कहानी लिख सकती हैं। इसका उदाहरण भैरूंदा तहसील के ग्राम बोरखेड़ा कलां की दो होनहार खिलाड़ी दीक्षा पंवार और निशा पंवार हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलां की छात्रा दीक्षा पंवार, पिता अमित पंवार और निशा पंवार, पिता रामकृष्ण पंवार का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालिका वर्ग में भोपाल संभाग की टीम के लिए हुआ है। ग्वालियर में 23 से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी संभागों की टीमें हिस्सा लेंगी। दोनों खिलाड़ी लगातार दूसरी बार भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दोनों बालिकाओं ने अपने प्रदर्शन से क्षेत्र के साथ अपने कोच योगेश पंवार का नाम भी रोशन किया है।

दीक्षा और निशा की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत के साथ कोच योगेश पंवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच ने दोनों खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण देकर उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया। सीमित संसाधनों और खेल सामग्री की कमी के बावजूद उन्होंने बालिकाओं को अभ्यास के लिए प्रेरित किया और क्रिकेट की बारीकियां सिखाईं। नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और मेहनत के दम पर दोनों खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है। दोनों बालिकाएं प्रतिदिन चार से पांच घंटे मैदान पर अभ्यास करती हैं। कोच के मार्गदर्शन में वे अपनी कमियों को दूर कर खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं। उनका चयन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। सागर में आयोजित प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। अब लगातार दूसरी बार संभागीय टीम में चयनित होने से दोनों खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हैं। ग्वालियर में होने वाली प्रतियोगिता में उन्हें एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाने और टीम की जीत में योगदान देने का अवसर मिलेगा। बोरखेड़ा कलां की बालिकाएं पिछले वर्ष रायसेन से विदिशा लोकसभा क्षेत्र की क्रिकेट ट्रॉफी भी जीतकर आई थीं। इन उपलब्धियों से गांव की अन्य बालिकाओं में भी क्रिकेट के प्रति उत्साह बढ़ा है।

दीक्षा और निशा को आगे बढ़ाने में पावर मेक कंपनी का भी विशेष सहयोग रहा है। गांव में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी के कारण अभ्यास में परेशानी होती थी। ऐसे समय में कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद जी ने बोरखेड़ा कलां की क्रिकेट टीम को गोद लेकर खिलाड़ियों को क्रिकेट से संबंधित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए। कंपनी के सहयोग से खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा निखारने में मदद मिली। कोच के प्रशिक्षण और कंपनी के सहयोग से बालिकाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। इस उपलब्धि पर पावर मेक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद जी, प्रिया सर, दिनेश कुशवाह, राहुल रघुवंशी, राहुल कुशवाह और अमित कुशवाह सहित कंपनी के सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। दीक्षा और निशा की सफलता ने यह संदेश दिया है कि गांव की बेटियों को सही प्रशिक्षण, संसाधन और प्रोत्साहन मिले तो वे भी देश प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

न घटना दुर्घटना न कोई हादसा, बनी रही माता रानी जगदंबा की कृपा

15 वर्षों से पदयात्रियों की सेवा कर रहे सोनी परिवार भोजन, दवा और विश्राम तक की करते व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नगर के समाजसेवी रितेश कुमार सोनी पिछले 15 वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस सेवा कार्य में पदयात्रियों को भोजन, स्वल्पाहार और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही पैदल यात्रा के दौरान थकान या पैरों में दर्द की परेशानी होने पर श्रद्धालुओं को दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। रितेश कुमार सोनी नवरात्रि के दौरान सलकनपुर जाने वाले भक्तों की सेवा को अपना महत्वपूर्ण दायित्व मानते हैं। उनका प्रयास रहता है कि मां के दर्शन के लिए पैदल निकलने वाले श्रद्धालुओं को रास्ते में भोजन-पानी और आराम के लिए परेशान न होना पड़े। इसी उद्देश्य से वे हर साल नवरात्र के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करते हैं। इस दौरान सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी कराई जाती है। व्रत रखने वाले भक्तों के लिए अलग से स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है, ताकि उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खाद्य सामग्री मिल सके। इस वर्ष इंदौर मार्ग स्थित नवीन भवन नक्षत्र पैलेस में दूसरे वर्ष श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पंडाल लगाया गया है। यहां पदयात्रियों के लिए भोजन और स्वल्पाहार के साथ विश्राम करने की व्यवस्था भी की गई है। लंबी दूरी पैदल तय करने के कारण कई श्रद्धालुओं को थकान और पैरों में दर्द जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें राहत मिल सके। रितेश कुमार सोनी का यह सेवा कार्य पिछले 15 वर्षों से निरंतर जारी है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए केवल भोजन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पदयात्रियों की जरूरतों का ध्यान रखना भी हिस्सा है। भोजन, स्वल्पाहार, विश्राम और दवाइयों जैसी सुविधाओं के माध्यम से वे मां के दर्शन के लिए जा रहे भक्तों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। नवरात्र के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और मानव सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।



बुधनी पहुंचे हाईकोर्ट जज संतोष शर्मा नगरवासियों ने किया जोरदार स्वागत

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनने के बाद पहली बार गृह नगर आगमन, परिजनों और नागरिकों में उत्साह



बुधनी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर में न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद बुधनी के निवासी संतोष शर्मा शनिवार को पहली बार अपने गृह नगर पहुंचे। उनके निज निवास पर पहुंचने पर परिजनों, मित्रों और नगरवासियों ने आत्मीय स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। उनके आगमन से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।

जानकारी के अनुसार,संतोष शर्मा ने 10 सितंबर 2026 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की इसके बाद शनिवार को वे नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया यहां से वे अपने गृह नगर बुधनी के लिए रवाना हुए निज निवास पहुंचने पर लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। संतोष शर्मा का छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनना बुधनी सहित पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है छोटे से नगर से निकलकर देश की न्यायिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में गर्व और प्रसन्नता का माहौल है स्वागत के दौरान उपस्थित जनों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल और न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की कामना की।

गोशालाओं के गोबर से होगा गैस उत्पादन, मिलेगा स्वच्छ व वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ

जिले में 40 घनमीटर क्षमता के बायो गैस संयंत्र का संचालन आरंभ किया





हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

जिले में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशासन द्वारा एक बायोगैस संत्रत्र का सफल संचालन आरंभ हुआ है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की पहल पर यह प्लांट शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा गौशाला भ्रमण के दौरान बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान संयंत्र की व्यवस्था एवं गोशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग का अवलोकन किया गया। वर्तमान में संयंत्र का सफल संचालन प्रारंभ होना गौशाला में उपलब्ध गोबर के सदुपयोग एवं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

गोशाला के गोबर से बनेगी बायोगैस

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गौशाला में उपलब्ध गोबर का उपयोग बायोगैस उत्पादन के लिए किया जा रहा है। संयंत्र से उत्पादित गैस का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा किया जाएगा, जिससे उन्हें स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

कृषि कार्यों में भी मिलेगा इसका लाभ

बायोगैस संयंत्र के संचालन से गौशाला में एकत्रित गोबर का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, संयंत्र से प्राप्त अवशिष्ट पदार्थ का उचित उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सकता है, जिससे कृषि कार्यों में भी लाभ मिलने की संभावना है।

सतत ऊर्जा के विकल्पों को मिलेगा प्रोत्साहन

ग्राम पंचायत उदनखेड़ी में बायोगैस संयंत्र का सफल संचालन ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के निर्देशानुसार इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा के विकल्पों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यूं समझिए इस प्लांट को

यह प्लांट चलाने के लिए प्रतिदिन 100 के लगभग(400 किलो) पशुओं के गोबर की जरूरत होती है। यह लगभग 50-60 घंटे तक चूल्हा/बर्नर जलाने या अन्य ऊर्जा जरूरतों को पूर्ण कर सकता है। इससे 2 हजार लीटर जैविक खाद (लिक्विड बायो-फर्टिलाइजर) मिलेगा।

चिड़लावनिया-अमलारोड़ के बीच हादसा

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार, वैन की टक्कर से 5 वर्षीय की मौत, पिता घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭|खुजनेर

चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच शुक्रवार को ओमनी वैन और बाइक की टक्कर में पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार बच्चे की मां को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को पचोर में प्राथमिक उपचार देने के बाद शुजालपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति को देखते हुए चार थानों का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा।

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार

जानकारी अनुसार, अमलारोड़ निवासी भगवानसिंह नागर शुक्रवार को अपनी पत्नी रीना नागर और पांच वर्षीय बेटे निर्भय उर्फ नमन के साथ देहरी बामन गांव में आयोजित मृत्युभोज में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच सारंगपुर से खुजनेर की ओर जा रही ओमनी वैन क्रमांक एमची 09 एएफ 8253 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे भगवानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि रीना नागर को मामूली चोटें आईं।

चार थानों का पुलिस बल पहुंचा

हादसे की सूचना मिलने पर पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ओमनी वैन को कब्जे में लिया। घटना की जानकारी के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। स्थिति को देखते हुए खुजनेर, लीमाचैहान और सारंगपुर थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। चारों थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

मासूम की मौत से परिवार में मातम

हादसे में पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रगतिशील लेखक संघ मंदसौर इकाई ने शताब्दी वर्ष पर किया स्मरण

'राही मासूम रज़ा की साहित्यिक विरासत आज भी समाज को नई दृष्टि देती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭|मंदसौर

प्रगतिशील लेखक संघ, इकाई मंदसौर द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार, उपन्यासकार, शायर और पटकथा लेखक डॉ. राही मासूम रज़ा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राही मासूम रज़ा के साहित्य, सामाजिक दृष्टिकोण, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भारतीय समाज की बहुलतावादी संस्कृति को अभिव्यक्त करने वाली उनकी रचनात्मक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि राही मासूम रज़ा का साहित्य आज भी समाज को संवेदनशील, विवेकशील और मानवीय दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है।

असअद अंसारी, सचिव मंडल सदस्य, मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ ने अपने कहा कि राही मासूम रज़ा का साहित्य आम आदमी के जीवन, सामाजिक विषमताओं और सांप्रदायिकता के सवालों से गहरे रूप में जुड़ा हुआ है। उन्होंने हिंदी और उर्दू के बीच साहित्यिक संवाद को समृद्ध किया तथा अपनी रचनाओं के



माध्यम से भारतीय समाज की साझा संस्कृति को स्वर दिया। राही मासूम रज़ा का लेखन हमें अन्याय, भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। हूर बानो सैफी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, इप्टा ने कहा कि राही मासूम रज़ा की रचनाओं में आम इंसान का दर्द, रिश्तों की संवेदना और समाज की वास्तविक तस्वीर दिखाई देती है। उन्होंने साहित्य और सिनेमा दोनों माध्यमों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनके लेखन में मानवीय मूल्यों, सामाजिक न्याय और सांझी विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई देती है। उनकी रचनाएँ आज भी लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश देती हैं। लोकेश शर्मा ने राही मासूम रज़ा के जीवन, साहित्यिक योगदान और सम्मानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 1 सितंबर 1927 को उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ीपुर जिले के गंगौली गाँव में हुआ था। वे प्रतिष्ठित उपन्यासकार, शायर, पटकथा लेखक और संवाद लेखक थे। उनके चर्चित उपन्यासों में आधा गाँव और टोपी शुक्ला शामिल हैं। भारतीय टेलीविजन धारावाहिक महाभारत के संवाद लेखन के लिए भी उन्हें व्यापक पहचान मिली तथा उन्हें पद्मश्री और अन्य सम्मानों से नवाज़ा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडवोकेट कीर्तिनारायण कश्यप, अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ, इकाई मंदसौर ने कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने और समय के सवालों से मुठभेड़ करने का सशक्त साधन है। राही मासूम रज़ा जैसे साहित्यकारों का स्मरण हमें साहित्य के सामाजिक दायित्व और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पोते की मौत, दादा गंभीर

सारंगपुर। दादी की अस्थियों का विसर्जन करने उज्जैन जा रहे बाइक सवार दादा और पोते को शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर एहसानपुरा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई, जबकि उसके 62 वर्षीय दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, सदाशिवगंज निवासी विकास पिता माखन सिंह (22) अपने दादा आत्माराम पिता करण सिंह (62) के साथ बाइक से उज्जैन जा रहे थे। दोनों दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए निकले थे। इसी दौरान



एहसानपुरा के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से दोनों को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉ. गर्गी मालवीय ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के बाद डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आत्माराम की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। जिस दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए दादा-पोता उज्जैन जा रहे थे, उसी यात्रा के दौरान परिवार को यह दुखद घटना झेलनी पड़ी। अस्पताल में आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतक विकास का पोस्टमार्टम किया जाएगा और शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

मंदसौर उद्यानिकी महाविद्यालय का 'विलेज अटैचमेंट' कार्यक्रम

किसानों के बीच रहकर रबी फसलों और बगीचों का प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त करेंगे विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭|मंदसौर

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ल के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के बीएससी उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्रों का कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेड़ा में एवं छात्राओं का कृषि विज्ञान केंद्र नीमच में चार माह के लिए संलग्नीकरण किया गया है।

उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ डीएच रानडे ने छात्रों से कहा कि आपको चार महीने के विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम के दौरान रबी मौसम में बोई जाने वाली उद्यानिकी फसलों एवं फलदार बगीचों के बारे में किसानों के साथ रहकर दक्षता पूर्वक प्रयोगात्मक जानकारी प्राप्त करना है जिससे आपके ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो सके जिससे आप आगे चलकर कृषकों की समस्याओं का समाधान दक्षता पूर्वक कर सकें । इस दौरान रावे इंचार्ज डॉ एच पी सिंह ने बताया कि कुल 28 छात्रों को केवीके कालूखेड़ा एवं 15 छात्राओं को केवीके नीमच में भेजा गया है, वहीं पर सभी छात्र छात्राओं को गांव एवं कृषकों का आवंटन कर दिया जाएगा जहाँ पर पर स्थानीय परिस्थियों को समझकर उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तार से समझेंगे।

इस अवसर पर केवीके कालूखेड़ा में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी, वैज्ञानिक डॉ बरखा शर्मा, डॉ. रामधन घसावा, डॉ. जाखड़ एवं डॉ रोहिताश भदौरिया एवं केवीके नीमच में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सी पी पचौरी, डॉ. पी एस नरुका, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. जे पी सिंह एवं महाविद्यालय से डॉ. रौशन गिलानी, डॉ. प्रदीप तुरुकमाने, डॉ. अल्पना कुम्हारे एवं डॉ. किरन सोनी आदि उपस्थित रहे।

राज्य शिक्षक संघ ने मंडलोई के निधन पर श्रद्धांजलि दी



मंदसौर। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश जिला मंदसौर के वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज मंडलोई कयामपुर के पिता बलवंत सिंह मंडलोई सेवानिवृत शिक्षक के असामयिक निधन पर राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव, दिनेश शुक्ला ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि मंडलोई शिक्षकों के हितों को लेकर कर्मचारी नेता के रूप में आपने सदैव तहसील से लेकर राज्य स्तर तक लड़ाई मैं सदैव अग्रणी रहे एवं शिक्षकों की समस्याओं एवं उनके हितों को लेकर कभी भी कोई समझौता नहीं किया गया। आपने कयामपुर शिक्षक हितकारी समिति 41वर्षों तक अध्यक्ष पद का सफल संचालन करते हुए लगभग आज 200 से अधिक शिक्षक साथी की संगठित समिति कयामपुर शिक्षक समाज को सौप करके गए हैं। इस अवसर पर नेपाल सिंह राणावत, हरि सिंह राठौड़, भगवती शर्मा, सुनील धनोतिया, दिलीप सेठिया, राजेश पुरोहित, कैलाश सूर्यवंशी, अमृतलाल भाटी, गोपाल सोनी, विजय पांडे, दिलीप राठौड़, कमल राठौर, बलवंत लोहार, डॉ. लक्ष्मीनारायण राठौर, राजेश गुप्ता, राकेश वर्मा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या विशिष्ट महत्व रखती है : पवित्र रत्न

मंदसौर। जैन धर्म व दर्शन में साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या विशिष्ट महत्व रखती है। प्रभु महावीर ने अपने प्रवचन में स्वयं गौतमस्वामी को इसकी महत्ता बतायी है। नवपदजी की ओली में जो भी श्रावक श्राविकाएं आयम्बिल तप करते हुए नवपदजी की साधना करते हैं वे साश्वत सुख पाते हैं। उक्त उद्गार मुनिराज पवित्ररत्न विजय म. सा. ने कहे। आपने शनिवार को श्री प्रत्यक्षरत्न विजय जी म. सा. के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा (प्रवचन) में कहा कि नवपदजी की ओली की तपस्या के दौरान श्रीपाल रास व श्रीपाल मैना सुंदरी की कथा सुनायी जाती है। श्रीपाल रास जो भी श्रावक-श्राविका 9 दिवस तक मनोभाव से पढ़ते हैं तथा श्रवण करते हुए उनके जीवन में साश्वत सुख स्वयं ही आ जाता है। मैना सुंदरी सहित 9 श्राविका जिनका विवाह श्रीपाल से हुआ था उनके जीवन में नवपद की धर्म आराधना से कैसे परिवर्तन आया यह जानना है तो श्रावक श्राविका को नवपद की धर्म आराधना के दौरान श्रीपाल रास को मनोभाव से श्रवण करना चाहिये। पतिव्रता स्त्री कैसी होती है पति को जीवन के प्रत्येक क्षण वह कैसे सहयोग दे सकती है यह सब ज्ञान हमें श्रीपाल रास से मिलता है।

नवपदजी की ओली की तपस्या प्रारंभ होगी

आराधना भवन नई आबादी ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश जैन तहलका ने बताया कि 18 अक्टूबर रविवार से नई आबादी स्थित श्री आराधना भवन में साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या प्रारंभ हो रही है।

हेमलता कुंवर ने संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

मंदसौर। शासकीय महाविद्यालय दलौदा की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा हेमलता कुंवर ने संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



मंदसौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में हेमलता ने मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में कु. हेमलता कुंवर ने शानदार खेल कौशल, टीम भावना एवं खेल के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए पहले उज्जैन की टीम को पराजित किया तथा फाइनल मुकाबले में रतलाम की टीम को हराकर संभाग विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं मंदसौर जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रजाक मेवा फरोश एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कु. हेमलता कुंवर को बधाई दी।

बी.आर. नाहटा ट्रॉफी-2026 में देशभर के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

राष्ट्रीय वॉक प्रतियोगिता में छाईं युवा प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭|मंदसौर

मंदसौर विश्वविद्यालय में आयोजित 'बी.आर. नाहटा ट्रॉफी-2026' राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयीन वॉक प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता और वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। हिंदी और अंग्रेजी भाषा वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 430 पंजीयन प्राप्त हुए, जबकि लगभग 260 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण के लिए अपने वीडियो प्रस्तुत किए। हिमाचल प्रदेश, मुंबई, हैदराबाद, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिली।

प्रतियोगिता के अंग्रेजी वर्ग में मंदसौर के वात्सल्य पब्लिक स्कूल



के सक्षम सिंह चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई स्कूल, मंदसौर के मोक्ष चौहान उपविजेता रहे। हिंदी वर्ग में गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, शेरपुर की कृष्णा कुंवर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रतलाम के आगम जैन उपविजेता रहे। दोनों भाषा वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 20-20 हजार तथा उपविजेताओं को 15-15 हजार की नकद राशि प्रदान की।

विशेषज्ञों ने किया प्रतिभागियों का मूल्यांकन

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. वीणा सिंह, राहुल जैन, प्रो. रवींद्र कुमार सोहोनी, सुश्री नीलिमा बजाजत्या और डॉ. सुशांत मक्साने शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की विषय पर पकड़, विचारों की स्पष्टता, तार्किक प्रस्तुति और वक्तृत्व कौशल के आधार पर मूल्यांकन किया। विश्वविद्यालय के चांसलर नरेंद्र नाहटा ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक शिक्षा के साथ विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और तर्कपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन और संचार कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन नमन राव एवं आदित्य राज ने प्रो. शानू ओरा के मार्गदर्शन में किया। आयोजन का समन्वय डॉ. मीता पारिख, डॉ. सोनाक्षी अग्रवाल एवं दयाशंकर ने कुलसचिव प्रो. आशीष पारिख के मार्गदर्शन में किया।

'त्योहार के दिनों में एक घंटा अधिक नल व कचरा गाड़ी के फेरे बढ़ाएं जाएं'

मंदसौर। समाज सेवी एवं पार्षद सुनील बंसल ने बताया कि इन दिनों में दीपावली की सफाई का काम तेजी से सभी घरों दुकानों में चल रहा है उसकी वजह से उन्हें पानी की अधिक आवश्यकता होती है। अभी प्रचुर मात्रा में शिवना नदी में पानी है अतः नगर पालिका परिषद नल देने का समय एक घंटा बढ़ाया जाए। बंसल ने रमादेवी गुर्जर, जलकल सभापति निलेश जैन एवं स्वास्थ्य समिति की सभापति दीपमाला मकवाना से यही निवेदन किया है। 1 घंटे अतिरिक्त नल देने के साथ ही दिवाली की सफाई की वजह से कचरा भी अत्यधिक निकल रहा है तो जो हमारे कचरा वाहन है उनके फेरे भी बढ़ाए जाएं और रविवार को स्पेशल रूप से कचरा की गाड़ियों को लगाया जाए ताकि लोग कचरा इधर-उधर न डाले, सीधा गाड़ी में ही डालें।



सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय की छात्रा शाईन को मिली ई- स्कूटी



मंदसौर। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत प्रत्येक शासकीय विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करना है। जिससे कि छात्र-छात्राएं अध्ययन में और रुचि लेवें और निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। इसी योजना अंतर्गत विगत 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वन क्लिक के माध्यम से इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की। तत्पश्चात विद्यालय स्तर पर भी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इसी तारतम्य में 17 अक्टूबर को सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में शाईन को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे एवं कक्षा अध्यापक टीना बाफना ने शाईन का पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र, एवं ई स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हामिद खान जेदी, रचना आर्य, दीप राठौर, सुरेश बोराना, रेणुका आचार्य, लोकेंद्र शर्मा, किरण परमार, कुंदन सांखला, अनिल दाहिमा, सुनीता शर्मा, ज्योति दुबे एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

पंकज शर्मा जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त

सीहोर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सीहोर जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। इस बार कांग्रेस संगठन ने जंबो जेट के बजाय छोटी कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते अध्यक्ष सहित कुल 52 लोगों को ही कार्यकारिणी में जगह मिल सकी है। नवीन कार्यकारिणी में अनुभव एवं युवा शक्ति का पर्याप्त संतुलन रखा गया है। इस कार्यकारिणी में सीहोर के युवा एवं सक्रिय नेता पंकज शर्मा को प्रवक्ता पद की बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलबीर तोमर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, शैलेन्द्र पटेल, कैलाश परमार, हरपाल ठाकुर, महेश राजपूत, विक्रम मस्ताल शर्मा, विनीत सिंघी, मीना सिंघी, गुलाब बाई ठाकुर, अभय मेहता, राहुल यादव, पवन राठौर, घनश्याम यादव, निशांत वर्मा, शशांक सक्सेना, सतीश दरोठिया, डॉ. हर्ष गुप्ता, कपिल गौर, कपिल सूर्यवंशी, आसिफ अंसारी, जय सिंह भारती, राजेश रैकवाल, अरुण मालवीय, अजय रैकवार, हर्षदीप राठौर, अभिषेक लोधी आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की

चुनाव आयोग में गड़बड़ी हुई है उसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा द्वारा वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की गई।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ और वोट चोर कहां मिलेंगे, भाजपा के दफ्तर में जैसे नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि लोकतंत्र में आम नागरिक का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार अपने मताधिकार का प्रयोग करना है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं, जिससे उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन हुआ है, हमारे नेता राहुल गांधी देश के नागरिकों के अधिकारों एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। ज्ञानेश कुमार ने मोदी सरकार के इशारे पर जिस तरीके से आम आदमी के अधिकार पर डाका डाला है, उससे आम आदमी ख़ुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है, और अगर संवैधानिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाये रखना है तो ज्ञानेश्वर कुमार का इस्तीफ़ा लेकर जो भी चुनाव आयोग में गड़बड़ी हुई है उसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए, इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, मीना सिंगी, सोभालसिंह मुगली, कमलसिंह चौहान, ज़ाहिद गुड्डू, एच आर परमाल, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, इदरीस मंसूरी, खालिद पठान, नरेन्द्र कुशवाह, सुरेन्द्र परमार, चंदरसिंह ठाकुर, सुभाष नामदेव, चेतन सेमली, अरविंद मेवाडा, देवबगस पटवारी, प्रदीप भाटी, सलीम अंसारी, नवाब मियाँ, डॉ लखन ठाकुर, परमानंद सेन, गोरे मियाँ, इमरान डिलक्स, नवाब बेरी, पल्लव प्रगति, लोकेन्द्र भाटी, सईद टेलर, खालिद खाकी, नासिर ख़ान, रामचरण दवारीया, मुमताज अली, बंशी बांबे, अर्जुन अजय, महेश पटेल, भरत वर्मा, देवराज मालवीय, शंकर बोड़ाना आदि लोग मौजूद रहे।

गरबा महोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल, भैरुंदा में शुक्रवार को नवरंग गरबा महोत्सव 2026-27 का आयोजन उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में किया गया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य, धार्मिक नाट्य मंचन और आकर्षक झांकियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और परंपराओं की मनमोहक छटा बिखेरी। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का विशेष आकर्षण रक्तबीज एवं महिषासुर वध पर आधारित नाट्य मंचन रहा। गरबा महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए गए। समूह नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट ग्रुप परफॉर्मेंस का खिताब हासिल किया। वहीं कक्षा 4 की आराध्या पंवार को बेस्ट ट्रेडिशनल अटायर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रियांशी यदुवंशी को बेस्ट स्माइल एंड एक्सप्रेशन, सुहाना मालवीय को नवरंग पर्सनालिटी अवार्ड, पंखुड़ी जाट को मोस्ट एनर्जेटिक परफॉर्मर, परिधि मीना को राइजिंग गरबा स्टार तथा साक्षी जाट को गरबा स्टार ऑफ द डे का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक आर. बी. मालवीय ने विद्यार्थियों को नवरात्रि से जुड़े धार्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उससे जुड़ने का अवसर मिलता है। विद्यालय के संगीत शिक्षक मयंक नागवे ने संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। वहीं सांस्कृतिक एवं कला गतिविधियों की प्रभारी श्रीमती नीतू सिसोदिया और श्रीमती हिमांशी कुशवाह ने विद्यार्थियों को नृत्य एवं कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सुलोचना धौलपुरे ने किया। आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, नवरंग गरबा महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से परिचित कराना और उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता तथा सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना है।

दुर्गा पंडाल ने दिया स्वच्छता का संदेश, महाआरती के बाद समिति ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महाआरती के बाद चला अभियान

नवरात्रि में महाआरती का दौर शुरू,हजारों की संख्या पहुंच रहे है श्रद्धालु पहुंचे, कही भजन संध्या तो कही लग रहे 56 भोग आष्टा आष्टा में नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है,शुक्रवार को छठ होने के चलते शहर के तीन जगहों पर महाआरती हुई, जिसमें कई श्रद्धालु शामिल हुए।बजरंग कॉलोनी नवदुर्गा उत्सव समिति ने महाआरती और गरबे का आयोजन किया। माता को छप्पन भोग लगाया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिया। समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह मेवाडा ने बताया कि यह मंडल का 25वां साल है। कन्नौद रोड स्थित प्राचीन बंजारी धाम मंदिर में भी महाआरती का आयोजन रखा, समिति के अध्यक्ष गजेंद्र मालवीय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ के रोज महा आरती का आयोजन किया गया था,इस मौके पर भजन संध्या भी हुई, जिसके बाद प्रसाद बांटा गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे।वही शहर के नजरगंज माता मंदिर और बड़ा बाजार में भी भजन संध्या और महाआरती का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालु भजन सुनने पहुंचे। नवरात्रि के अंतिम दो दिनों में भी अलग-अलग क्षेत्रों में माता के दरबार में महाआरती होगी।

शहर के काछीपुरा स्थित मां शक्ति संगम नव दुर्गा पंडाल में शुकवार को महाआरती और 56 भोग का आयोजन किया गया, इस दौरान काछीपूरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए वही आरती समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल और वेपर्स का कचरे को जमा हो गया, जिसके बाद समिति के अध्यक्ष गौतम कुशवाह और गौरव प्रजापति ने अपने सभी सदस्यों के साथ मिलकर रात्रि में ही आरती की समाप्ति के कुछ मिनटों पश्चात तत्काल सफाई अभियान चलाते हुए पूरा कचरा साफ कर स्वच्छता संदेश दिया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने मां शक्ति संगम मंडल के सदस्यों के इस कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि नगर में साफ सफाई बनाए रखने के लिए नागरिकों भी जागरूक होना चाहिए और इस मंडल के सदस्यों से नागरिको को शिक्षा लेना चाहिए कि हमें नगर साफ और स्वच्छ बनाने में नगर पालिका का सहयोग करना चाहिए। इस दौरान शक्ति संगम मंडल के अध्यक्ष गौतम कुशवाह, उपाध्यक्ष शुभम प्रजापति, संरक्षक गोलू, सचिव गौरव प्रजापति, सौरभ प्रजापति, मनीज कुशवाह, कीर्तन कुशवाह, सागर कुशवाह, अमन जैन, कपिल माहेश्वरी, आरव सोनी, कल्लू कुशवाह, दीपक कुशवाह, दीपू कुशवाह, चेतन कुशवाह, अशोक कुशवाह, मोहित साहू, चिराग़ कुशवाह, शिवम कुशवाह, अज्जू कुशवाह सहित अन्य समिति के सदस्य इस सफाई अभियान में मौजूद रहे।

आज मरीह माता मंदिर में महानिशा आरती

सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। शनिवार को मंदिर में सांतवे दिवस मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा आदि ने हवन पूजन के बाद मां कालरात्रि का आह्वान किया। रविवार को सुबह कन्या पूजन, कन्या भोज के अलावा रात्रि बारह बजे हर साल की तरह महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहेंगे। माता को देवी दुर्गा के नौ रूपों में से सातवां स्वरूप कहा गया है।

भव्यता और भक्तिभाव के साथ मना नवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टाके सेमिनरी रोड स्थित प्रतिष्ठित टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्रि के पावन पर्व पर एक विशाल एवं भव्य गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया।

इस उत्सव में स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और प्रबंधन ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार बेहद भावुक और गरिमामयी ढंग से हुआ। संस्था के प्राचार्य सुदीप जायसवाल,श्रीमती संध्या जायसवाल ने सबसे पहले परिसर में मौजूद नन्हीं-नन्हीं बालिकाओं और देवी स्वरूपा कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया। प्राचार्य जी ने आदरपूर्वक कन्याओं के चरण पखारे (पग प्रक्षालन किया), उन्हें कुमकुम-तिलक लगाया और उनकी आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इस पावन दृश्य ने पूरे परिसर को भक्तिमय ऊर्जा से भर दिया।सामूहिक गरबा में थिरके कदमकन्या पूजन और महाआरती के संपन्न होने के बाद, डांडिया की खनक और गरबा के पारंपरिक गीतों पर पूरा स्कूल झूम उठा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ ने सामूहिक रूप से पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर कदम से कदम मिलाए।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गरबा स्टेप्स का प्रदर्शन किया, जिससे उत्सव की भव्यता और दोगुनी हो गई।विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति, लोक नृत्य और धार्मिक त्योहारों के महत्व से जोड़े रखना है। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया और यह भव्य महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंदों को मिला उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुजुर्गों और जरूरतमंदों को मिली उपचार की सुविधा-सेवा के संकल्प से समाज को संबल-सीहोर। जरूरतमंदों की आंखों में रोशनी और जीवन में स्वास्थ्य की नई उम्मीद जगाने के उद्देश्य से डीबीसीपीएल की सामाजिक उत्तरदायित्व टीम ने फंदा कला ग्राम पंचायत में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।सरपंच कृपाल सिंह सोलंकी के सहयोग तथा परियोजना उपमहाप्रबंधक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। एएसजी अस्पताल के समन्वय से ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने तथा नेत्र ऑपरेशन की आवश्यकता वाले मरीजों को उपचार की सुविधा से जोड़ने की पहल की गई। वहीं, अपोलो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित परियोजना निरामया के अंतर्गत संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, मौसमी बीमारियों का उपचार और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। डीबीसीपीएल की इस पहल ने सामाजिक उत्तरदायित्व की सार्थक तस्वीर प्रस्तुत की। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपचार से वंचित रहने वाले जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय रहा। शिविर के माध्यम से लगभग 100 लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। संस्था की इस पहल ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। शिविर में एएसजी अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर राहुल गोस्वामी,नेत्र तकनीशियन सत्यम मिश्रा, विक्की राय चिकित्सक डॉ. अर्पित भार्गव, करिश्मा मालवीय, परियोजना समन्वयक संदीप मकवाना, टोल प्लाजा कंट्रोलर संतोष राजपुत, योगेन्द्र मेवाड़ा,नरेन सिंह, अजय सिंह सहित कई सम्माननीय ने सेवाएं दीं।

कृषि मंडी, 21 अक्टूबर से शुरू होगी नीलामी

भैरुंदा। दुर्गा अष्टमी, नवमी और दशहरा पर्व के चलते भैरुंदा कृषि उपज मंडी में 18 से 20 अक्टूबर तक कृषि उपज की नीलामी का कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार 18 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी, 19 को दुर्गा नवमी के स्थानीय अवकाश तथा 20 को दशहरा पर्व के कारण नीलामी नहीं होगी। 21 अक्टूबर से नीलामी कार्य फिर शुरू किया जाएगा। कृषि ऊपज मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वे अवकाश के दिनों में अपनी उपज बेचने के लिए मंडी नहीं लाएं, ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों से निर्धारित तारीख का ध्यान रखते हुए 21 अक्टूबर से उपज लेकर मंडी पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा निति पर दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार जनपद शिक्षा केंद्र में 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक तीन कक्षों में आयोजित कि गई।

बीआरसी अजब सिंह राजपूत, प्रशिक्षण प्रभारी मनोहर विश्वकर्मा ,हरेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामना देकर प्रशिक्षण प्रारंभ किया।

इसके बाद सभी एमटी ने अपने अपने कक्ष में रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया। कक्ष क्रमांक तीन के एमटी लखन सिंह ठाकुर ओर लखन सिंह झोमर ने प्रशिक्षण के साथ नैतिक शिक्षा योग शिक्षा का भी समावेश किया। अंतिम दिन वरिष्ठ शिक्षकों जिनका यह आखिरी सत्र हे उनका सम्मान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गोपाल ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठों का सम्मान करना हमारी संस्कृति है। पद में बड़ा छोटा चलता है और पद तो आता जाता रहता है। मगर संस्कृति हमेशा जिन्दा रहती है। उक्त जानकारी गोपाल ठाकुर ने दी।

नेत्र परीक्षण शिविर के साथ पौधारोपण कर सेवा संकल्प अभियान का किया समापन

200 लोगों का किया नेत्र परीक्षण, 16 लोगों का होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर परिषद कोठरी के कार्यालय परिसर में आज सेवा संकल्प अभियान का समापन नेत्र परीक्षण शिविर के आयोजन एवं पौधारोपण के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।नेत्र शिविर का आयोजन पूरा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत राजा राम नगर, भोपाल द्वारा निःशुल्क किया गया।

शिविर में चिकित्सा टीम के हीरानंद भगनानी, लैब अटेंडेंट मयंक राठौर, देवेंद्र पाटिल, राकेश राजपूत सहित समस्त स्टाफ ने सेवाएं दीं। शिविर में 200 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जबकि 16 लोगों को नेत्र ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। कार्यक्रम के दौरान नेत्र परीक्षण शिविर के माध्यम से नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नेत्र परीक्षण कराने वाले सभी नागरिकों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी नागरिकों की सेवा करना हमारा दायित्व है और इसे हमेशा निभाने का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा, एल्डरमैन देवकरण दुबे सहित परिषद के पप्पू रावत, जयप्रकाश फरेला, अजय छाय, आनंद कटारिया, दिनेश वर्मा, निहालचंद वर्मा, हरेंद्र ठाकुर, अखिलेश वर्मा, सुनील दुबे, महेंद्र बकोरिया, विशाल रैकवार, राजेश प्रजापति, सतीश बरेठा, जितेंद्र वर्मा, संदीप पटेल, अशोक राठौड़, राकेश वर्मा, मनोज वर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रमोद यादव सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार में महाआरती आज



जावर। नगर के प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर मे नवरात्र के पावन पर्व पर नगर सहित आसपास के श्रद्धालुओं की दर्शनार्थ भीड़ लग रही है। नवरात्र के दौरान परंपरानुसार इस वर्ष भी अष्टमी के दिन 18 अक्टूबर रविवार शाम 7 बजे नए स्वरुप में महाआरती का आयोजन रखा गया है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि महाआरती के दिन मंदिर परिसर में विशेष साज-सज्जा की जाऐगी। वहीं ढोल-नगाडो, ताशों के साथ मां महिषासुर मर्दिनी की महाआरती होगी तथा विशेष प्रसादी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर समिति ने नगर व क्षेत्र के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि 18 अक्टूबर को प्राचीन माता मंदिर में आयोजित महाआरती व महाप्रसादी में होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें। नगर में शुक्रवार की शाम अन्नपूर्णा नगर स्थित कृषि उपज मण्डी प्रांगण में मां अन्पूर्णा की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों की संख्या में महिला पुरुष, श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां अन्नपूर्णा की विशेष पूजा अर्चना कर ढोल ढमाकों के साथ महाआरती सम्पन्न हुई व महाप्रसादी का वितरण अनाज तिलहन व्यापारी एसोसिएशन द्वारा किया गया। माता के मंदिर को मंदिर समिति के युवाओं द्वारा विशेष साज सज्जा कर सजाया गया जो आकर्षक का केन्द्र रहा। वहीं छोटी-छोटी बालिकाओं ने गरबा नृत्य कर दर्षकों का मन मोह लिया।